JAC BOARD

QUESTION PAPER 2024

Download
PDF

AGLASEM.COM

JAC

HIN
Arts

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

CLASS-XI EXAMINATION, 2024

(Paper - III)

HINDI

(ELECTIVE)

(MCQ Type)

Time : 1 Hour
समय : 1 घंटा

Full Marks : 40
पूर्णांक : 40

GENERAL INSTRUCTIONS / सामान्य निर्देश :

Before answering carefully verify all information related to the candidate, printed on Page 2 of the OMR Answer Sheet. If the printed information belongs to any other candidate, then inform the Invigilator immediately and get it replaced.

उत्तर देने से पूर्व परीक्षार्थी से संबंधित ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रक के पृष्ठ 2 पर मुद्रित सभी सूचनाओं की सावधानी पूर्वक जाँच कर लें । यदि मुद्रित सूचनाएँ किसी अन्य परीक्षार्थी की हों, तो वीक्षक को तुरंत सूचित कर उसे बदल लें ।

Put in your full signature on the OMR Answer Sheet in the space provided.

आप अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर करें ।

There are 40 Multiple Choice Questions in this Question Booklet.

इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 40 बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं ।

All questions are compulsory. Each question carries 1 mark. No marks will be deducted for wrong answer.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक की है । गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटा जाएगा।

सर्वाधिकार सुरक्षित
COPYRIGHT RESERVED

Group - A

खण्ड – 'क' (अपठित बोध)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या **1** से **5** तक के उत्तर दीजिए ।

संसार में दो अचूक शक्तियाँ हैं – वाणी और कर्म । कुछ लोग वचन से संसार को राह दिखाते हैं और कुछ लोग कर्म से । शब्द और आचार दोनों ही महान शक्तियाँ हैं । शब्द की महिमा अपार है । विश्व में साहित्य, कला, विज्ञान, शास्त्र सब शब्द-शक्ति के प्रतीक प्रमाण हैं, पर कोरे शब्द व्यर्थ होते हैं, जिनका आचरण न हो । कर्म के बिना वचन, व्यवहार के बिना वाणी की सार्थकता सिद्ध नहीं है । निस्संदेह शब्द शक्ति

महान है, पर चिरस्थायी और सनातनी शक्ति तो व्यवहार है । महात्मा गाँधी ने इन दोनों की कठिन और अद्भुत साधना की थी ।

1. वाणी और कर्म कैसी शक्तियाँ हैं ?

(A) चूक (B) अचूक

(C) महान (D) परम

2. लोग किस-किस से संसार को राह दिखाते हैं ?

(A) वचन (B) कर्म

(C) प्रतिष्ठा (D) (A) व (B) दोनों

चिरस्थायी शक्ति कौन-सी है ?

(A) समाज

(B) व्यवहार

(C) सम्मान

(D) सिद्धान्त

शब्द की महिमा क्या है ?

(A) अपार

(B) व्यापार

(C) व्यवहार

(D) अपरिहार्य

'व्यर्थ' का सन्धि-विच्छेद है

(A) विअ + र्थ

(B) वि + आर्थ

(C) वि + अर्थ

(D) विआ + र्थ

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **6** से **10** तक के उत्त

दीजिए :

'यह कदंब का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे ।

मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे ।

ले देती यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,

किसी तरह नीची हो जाती, यह कदंब की डाली ।

तुम्हें नहीं कुछ कहता, पर मैं चुपके-चुपके आता,

उस नीची डाली से अम्मा ऊँचे पर चढ़ जाता ।

वहीं बैठ फिर बड़े मजे से मैं बाँसुरी बजाता,

अम्मा-अम्मा कह बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता ।'

6. बालक कदंब के पेड़ पर बैठ कर क्या करना चाहता ?

(A) यमुना जल देखना

(B) बाँसुरी बजाना

(C) झूला-झूलना

(D) इनमें से कोई नहीं

7. बालक कदंब के पेड़ की किसके किनारे होने की इच्छा करता है ?

(A) गंगा के (B) यमुना के

(C) सरस्वती के (D) इनमें से सभी

8. बालक माँ से क्या चाहता है ?

(A) दो पैसे (B) कदंब का पेड़

(C) बाँसुरी (D) सभी पैसे

9. बालक कदंब की डाली के नीचे होने की कल्पना क्यों करता है ?

(A) ऊपर चढ़ने के लिए (B) फूल तोड़ने के लिए

(C) छिपने के लिए (D) इनमें से कोई नहीं

10. बालक बाँसुरी बजाकर किसे बुलाना चाहता है ?

(A) पिता को (B) मित्र को

(C) माँ को (D) इनमें से कोई नहीं

Group - B

खण्ड – 'ख' (रचनात्मक लेखन तथा अभिव्यक्ति और माध्यम)

11. 'प्रार्थना पत्र' में 'आपका विश्वासी' लिखने के बाद किसका हस्ताक्षर होता है ?

(A) प्रेषक का (B) सम्पादक का

(C) पत्रकार का (D) पत्र प्राप्तकर्ता का

12. रिपोर्ट में दी गई जानकारी का स्वरूप कैसा होना चाहिए ?

(A) काल्पनिक

(B) कथात्मक

(C) विस्तृत

(D) तथ्यात्मक और सच्ची घटना पर

13. पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है ?

(A) कल्पना (B) संस्मरण

(C) जिज्ञासा (D) नीति

14. 'दैनिक जागरण' समाचार-पत्र है

(A) अंग्रेजी का

(B) खोरठा का

(C) हिन्दी का

(D) नागपुरी का

15. 'उदंत मार्तण्ड' किस वर्ष प्रकाशित हुआ ?

(A) सन् 1826 ई०

(B) सन् 1828 ई०

(C) सन् 1830 ई०

(D) सन् 1857 ई०

16. विज्ञापन में किस प्रकार की भाषा प्रयुक्त होती है ?

(A) शब्दकोश आधारित

(B) अंग्रेजी मिश्रित शुद्ध हिन्दी

(C) व्यावहारिक भाषा

(D) शुद्ध हिन्दी

7. फीचर लेखन के लिए किसकी आवश्यकता होती है ?

(A) कल्पना शक्ति की

(B) अनुभूति की

(C) अवलोकन की

(D) इनमें से सभी

8. फीचर में तथ्यों की प्रस्तुति का ढंग होता है

(A) नीरस

(B) मनोरंजक

(C) व्यापक

(D) संकुचित

19. पत्राचार किसकी अभिव्यक्ति का सरल तरीका है ?

(A) संकेतों का

(B) व्यसनों का

(C) विचारों का

(D) इनमें से सभी का

0. 'रिमाइण्डर' को हिन्दी में क्या कहते हैं ?

(A) स्मृति पत्र

(B) अनुस्मारक

(C) मिनट

(D) नोटिस

Group - C

खण्ड – 'ग' (पाठ्यपुस्तक)

भव्य पुरुष प्रवचन के अन्त पर पहुँचते हुए कहने लगे – "भाइयों और बहनों, डरो मत । जहाँ अंधकार है, वहीं प्रकाश है । अंधकार में ही प्रकाश की किरण है जैसे प्रकाश में अंधकार की किंचित कालिमा है । प्रकाश भी है । प्रकाश बाहर नहीं है, उसे अंतर में खोजो । अंतर में बुझी उस ज्योति को जगाओ । तुम सबको उस ज्योति को जगाने के लिए आह्वान करता हूँ । मैं तुम्हारे भीतर वही शाश्वत ज्योति को जगाना चाहता हूँ । हमारे 'साधना मंदिर' में आकर उस ज्योति को अपने भीतर जगाओ ।" साहब, अब तो मैं खिल-खिलाकर हँस पड़ा । पास के लोगों ने मुझे धक्का देकर भगा दिया ।

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **21** से **24** का उत्तर लिखिए ।

भव्य पुरुष किससे न डरने को कहते हैं ?

(A) अंधकार से (B) प्रकाश से

(C) सूर्य से (D) चाँद से

22. जहाँ पर अंधकार है वहीं पर क्या है ?

(A) सूर्य

(B) चाँद

(C) अंधकार

(D) प्रकाश

23. अंतर की क्या जगाना है ?

(A) ज्योति

(B) दीपक

(C) अंधकार

(D) इनमें से सभी

24. कौन हँस पड़ा ?

(A) भव्य पुरुष

(B) लेखक

(C) प्रकाशक

(D) इनमें से सभी

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **25** से **28** तक के उत्तर दीजिए :

"ऋतु वसंत का सुप्रभात था
मंद मंद था अनिल वह रहा
बालारुण की मृदु किरणें थीं
अगल-बगल स्वर्णिम शिखर थे
एक दूसरे से विरहित हो
अलग-अलग रहकर ही जिनको
सारी रात बितानी होती,
निशाकाल से चिर अभिशापित
बेबस उस चकवा-चकई का ।"

25. किस ऋतु का सुप्रभात था ?

(A) वर्षा (B) वसंत

(C) पावस (D) इनमें से कोई नहीं

26. अरुण कैसा है ?

(A) बालारुण

(B) कालारुण

(C) प्रौढ़ारुण

(D) इनमें से कोई नहीं

27. 'निशा' शब्द का अर्थ है

(A) रात्रि

(B) दिन

(C) दिवस

(D) इनमें से सभी

28. किस पक्षी को अलग-अलग रात बितानी पड़ती है ?

(A) हंस-हंसिनी

(B) कौवा-कोयल

(C) चकवा-चकई

(D) इनमें से सभी

29. प्रेमचंद का मूल नाम क्या था ?

(A) धनपत राय

(B) कमपत राय

(C) प्रेमचन्द

(D) इनमें से सभी

30. 'ईदगाह' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) जयशंकर 'प्रसाद'

(B) उमशंकर

(C) प्रेमचन्द

(D) इनमें से सभी

1. 'सूखा पत्ता' किसकी रचना है ?

(A) अमरकांत

(B) समरकांत

(C) शशिकांत

(D) इनमें से कोई नहीं

32. 'ज्योतिबा फुले' पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) सुधा अरोड़ा

(B) राधा अरोड़ा

(C) सारिका दास

(D) महादेवी वर्मा

33. 'यामा' किसकी रचना है ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) निराला

(C) प्रसाद

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

34. 'संध्या के बाद' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(A) पंत

(B) प्रसाद

(C) निराला

(D) महादेवी वर्मा

35. 'सूरसागर' किसने रचा है ?

(A) सूरदास

(B) रहीम दास

(C) हरिहर दास

(D) नरहरि दास

36. 'जाग तुझको दूर जाना' कविता के कवि हैं

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (B) सुमित्रा नन्दन पंत

(C) जयशंकर 'प्रसाद' (D) महादेवी वर्मा

37. ''हुसैन की कहानी अपनी जबानी'' पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) मकबूल फिदा हुसैन (B) विष्णु प्रभाकर

(C) जैनेन्द्र कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

38. मकबूल अब लड़का क्यों नहीं रहा ?

(A) दादा चल बसे (B) चाचा चल बसे

(C) बेटा चल बसा (D) इनमें से कोई नहीं

39. 'आवारा मसीहा' (दिशा हारा) नामक पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) विष्णु प्रभाकर

(B) प्रेमचन्द

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) इनमें से कोई नहीं

40. 'आवारा मसीहा' किस व्यक्ति की जीवनी पर आधारित है ?

(A) कालिदास

(B) तुलसीदास

(C) शरतचन्द्र

(D) रामचन्द्र

Bharat Skill

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers